विषय :- हिंदी कक्षा:- III शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल

नामः- _______ सेक्शन :- __ रोलनंबर :- ____ दिनांक:-

पाठ – 8

"सफलता का मंत्र"

मौखिक प्रश्न

क) प्रः राजा का क्या नाम था ?

उत्तर : राजा का नाम रामदत्त था।

ख) प्रः राजा ने अपना घोड़ा किस के पीछे दौड़ाया ?

उत्तरः राजा ने अपने घोड़ा हिरन के पीछे दौड़ाया।

ग) प्रः चींटी कहाँ चढ रही थी?

उत्तरः चींटी दीवार पर चढ़ रही थी।

घ) प्रः राजा जंगल में क्यों गया ?

उत्तरः राजा जंगल में शिकार खेलने गया ।

लिखित प्रश्न :

क) प्रः राजा हिरन का पीछा करते-करते कहाँ पहुंच गया ?

उत्तरः राजा हिरन का पीछा करते-करते पहाड़ी गाँव में पहुँच गया।

ख) प्रः राजा ने मूर्तिकार से क्या कहा ?

उत्तरः राजा ने मूर्तिकार से कहा कि तुम्हारी मूर्तियाँ बहुत सुंदर हैं। मैं चाहता हूँ कि तुम मेरी भी एक सुंदर सी मूर्ति बना दो।

ग) प्र : मूर्तिकार मूर्ति क्यों तोड़ देता था ?

उत्तरः मूर्तिकार जैसी मूर्ति बनाना चाहता था वैसी मूर्ति नहीं बन पा रही थी।

घ) प्रः चींटी से मूर्तिकार को क्या प्रेरणा मिली ?

उत्तर : मूर्तिकार ने सोचा कि जब एक छोटी सी चींटी को निरंतर प्रयास से सफलता मिल सकती है तो मैं मूर्ति क्यों नहीं बना सकता ।

अभ्यास – कार्य (पृष्ठ संख्या 62,63,64)

यह कार्य पुस्तक में करें।

2) नीचे दिए गए वाक्यों के आगे सही या गलत का निशान लगाइए।

क) राजा को मूर्तिकार की बनाई मूर्तियाँ अच्छी नहीं लगीं। ✖

ख) राजा ने अपना घोड़ा हिरण के पीछे दौड़ाया । ✔

ग) राजा ने मूर्तिकार को राजकुमारी की मूर्ति बनाने के लिए कहा । ✖

घ) चींटी गेहूँ का दाना लेकर दीवार पर चढ रही थी । ✔

ङ) राजा ने मूर्तिकार को ढेर सारा पुरस्कार दिया । ✔

3) सही उत्तर चुनिए |

क) राजा ने कहाँ रुकने का फैसला किया ।

शहर में जंगल में गाँव में ✔

ख) राजा की दृष्टि किस पर पड़ी ?

मूर्तिकार पर ✔ चित्रकार पर कुम्हार पर

ग) चींटी किसका दाना लेकर चल रही थी ?

चावल का गेहूँ का ✔ रुई का

भाषा - ज्ञान

पढ़िए , समझिए और लिखिए

सफल	+	ता	= सफलता
सुंदर	+	ता	= सुंदरता
प्रसन्न	+	ता	= प्रसन्नता
पहाड़	+	ई	= पहाड़ी
तैयार	+	ई	= तैयारी
उदास	+	ई	= उदासी

पृष्ठ संख्या - 63

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क) जो मूर्ति बनाता है - मूर्तिकार

ख) जो मिट्टी के बर्तन बनाता है - कुम्हार

ग) जो लकड़ी के काम करता है - बढ़ई

घ) जो जूते बनाता है - मोची

ङ) जो चित्र बनाता है - चित्रकार

च) जो सेना में काम करता है - सैनिक

छ) जो पुस्तक लिखता है - लेखक

पृष्ठ संख्या 64

नीचे दिए गए शब्दों में सही विलोम पर ✔ लगाइए |

क) अपना - पराया ✔ दूसरा अन्य

ख) गाँव - शहर ✔	जंगल	वन
ग) प्रारंभ - पहला	शुरुआत	अंत ✔
घ) सुंदर - असुंदर ✔	रूपवान	सूरत
ङ) पुरस्कार - इनाम	भेंट	दंड ✔